तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम 29 को, अधिकारियों को दिया गया ...




13 जिले का चप्पा-चप्पा तिरंगे के रंग में रंगा...



## खबर संक्षेप

### आज कांग्रेस निकालेगी संविधान यात्रा

**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा 14 अगस्त बुधवार को सुबह 10.30 बजे बस स्टैंड गुण्डरदेही से आजादी की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद उपस्थित रहेंगे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू ने ब्लाक के समस्त पदाधिकारियों को उपस्थित रहने की अपील की है।

### जिला मुख्यालय में दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे ध्वजारोहण

**बालोद।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल 15 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर सांसद बघेल 15 अगस्त को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 09 बजे स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण, गार्ड आफ ऑनर एवं राष्ट्रगान किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

### चरवाहे ने लगाई फांसी

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई अंतर्गत ग्राम खुटेरी (अचौद) में एक चरवाहे ने बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घटना 12 अगस्त सोमवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे की बताई जा रही है। ग्राम कुथरेल निवासी महादेव यादव पिता स्वर्गीय माखनलाल यादव 65 वर्षीय ने ग्राम खुटेरी अचौद जाने वाले मार्ग पर गौठान के पास बबूल पेड़ पर प्लास्टिक रस्सी को फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मार्ग पर चलने वाले वाले राहगीरों ने चरवाहे को फांसी के फंदे पर लटके देखा तो तुरंत गांव में आकर उनकी जानकारी दी। साथ ही थाना रनचिराई को सूचना दी गई। पुलिस मौके स्थल पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुण्डरदेही भेजा। दूसरे दिन सुबह मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक मृतक महादेव यादव समीपस्थ ग्राम कुथरेल के निवासी था, जो कि पिछले दो–तीन वर्षों से ग्राम खुटेरी में अपने परिवार के साथ रहकर मवेशी चराने का कार्य कर रहा था।

### रसमड़ा के तालाब में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम रसमड़ा में नवा तरिया तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरते मिला। रसमड़ा निवासी मढैया निषाद पिता स्व बिसेलाल निषाद ने बताया कि 13 अगस्त को ग्राम रसमडा के नवा तरिया तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में मिला। उसे ग्रामीणों की मदद से तालाब से बाहर निकलवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों की पता की जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35-40 वर्ष, ऊंचाई 5.5 फीट रंग सांवला, चेहरा गोल पानी में डूबने से शरीर पूरा फूला हुआ, हल्कादाढी मूंछ, बाल काला एवं हरा रंग का हाफ टी शर्ट नीला रंग का हाफ पैन्ट जिसमें साइड में दोनों तरफ पीले रंग का पटटी, नीला सफेद चेकदार लूंगी पहना है।

# प्रदर्शन से पहले फुलड्रेस रिहर्सल, जिपं सीईओ ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, कार्यक्रम से पहले मंगलवार को फुलड्रेस परेड की रिहर्सल की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में परेड की फूलड्रेस रिहर्सल की गई। डमी के तौर पर मुख्य अतिथि की भूमिका जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल ने निभाई। उन्हें पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों, स्काउट-गाइड, एनसीसी के कैडेट्स ने परेड की सलामी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम घनश्याम तवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बेमेतरा बेसिक स्कूल मैदान में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। फुल ड्रेस रिहर्सल में वही इंतजाम रहे, जो 15 अगस्त को किए जाएंगे। अर्थात 15 अगस्त वाले दिन समारोह में भी करीब-करीब यही व्यवस्था रहेगी।

■ पुलिस, नगर सैनिक की टुकड़ियों, स्काउट-गाइड, एनसीसी के कैडेट्स ने दी परेड की सलामी

### स्वतंत्रता दिवस से पहले बेसिक स्कूल मैदान में हुआ प्रदर्शन



#### पुरस्कार व पदकों का किया जाएगा वितरण

इस बार ज़िला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों के देशभक्ति/ संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विभागों को दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का भी वितरण किया जाएगा। 15 अगस्त के अवसर पर रात्रि में सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रौशनी की जाएगी।

आयोजन : बेमेतरा में मंगलवार को किया गया जिलास्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन

# राष्ट्रध्वज की शान में उमड़ा जनसैलाब तिरंगा यात्रा में हर वर्ग के लोग शामिल






हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार सुबह 7 बजे बेमेतरा में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर शहरी क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों से गुजरते हुए पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई। इस भव्य तिरंगा यात्रा में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय निवासी और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बैंड की धुन पर तक़रीबन 2000 स्कूली बच्चों सहित अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा लहराते हुए इस यात्रा में देशभक्ति का प्रदर्शन किया। विधायक सहित ज़िला अधिकारियों और बच्चों गणमान्य नागरिकों ने सेल्फ़ी पॉइंट पर सेल्फ़ी ली और कैनवास पर जय हिन्द और तिरंगा के सम्मान में शब्द लिखे।

■ स्कूली बच्चों, शिक्षकों, अधिकारी–कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने उत्साह से लिया हिस्सा

### विधायक दीपेश ने हर घर तिरंगा फहराने की दिलाई शपथ


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया, जिससे देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रोत्साहन मिले और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़े। विधायक ने सभी को तिरंगे के सम्मान और हर घर तिरंगा फहराने के साथ-साथ नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

### पूरी गरिमा के साथ नियमों का पालन करते हुए घर पर अवश्य फहराएं तिरंगा

कलेक्टर शर्मा और पुलिस अधीक्षक साहू ने भी इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएँ दीं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जा रहा है। उन्होंने ज़िलेवासियों से घर-घर पर पूरे सम्मान और नियम के साथ भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और राजेंद्र शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सभी को बधाई दी।

# साजा थाने में हुई मारपीट मामले में नोटिस जारी, चार लोगों को बुलावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा


//कार्यालय पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला, जिला-बेमेतरा (छग)//
क्रमांक/पुअअ/बेरला/सीसी. 581 /2024 दिनांक 10/07/2024
प्रति,
हिमांशु वर्मा
ग्राम साजा थाना साजा जिला बेमेतरा
द्वारा :- थाना प्रभारी साजा जिला बेमेतरा।
--00--
आपको इस नोटिस के जरिये सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.07.2024 को थाना साजा परिसर में हुए मारपीट की घटना की जांच मेरे द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आपका का कथन लिया जाना आवश्यक है। अतः आप दिनांक 22/07/24 के 11:00 बजे अपने गवाहो एवं दस्तावेजो को लेकर अनिवार्य रूप से इस कार्यालय में कथन देने हेतु उपस्थित होवे। ताकि आपके विरूद्ध दिये गये शिकायत पत्र की जांच किया जा सकें।
पुलिस अनुविभागीय अधिकारी
बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

साजा थाना के परिसर में रात को सत्ता पक्ष के नेताओं व कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ कथित रूप से की गई झूमाझटकी, मारपीट व हुड़दंगबाजी की घटना के मामले में पूरे एक महीने बाद पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

बेरला एसडीओपी कार्यालय ने नामजद चार लोगों के खिलाफ गत 3 जुलाई की रात थाना में परिसर में घटना को अंजाम देने के आरोप में यह नोटिस जारी किया गया है। इसमें चारों नामजद लोगों को घटना के संबंध में जरूरी दस्तावेज एवं गवाहों को लेकर 22 अगस्त को पुलिस के अनुविभागीय कार्यालय में बुलाया गया है। मामले में पुलिस ने बिरनपुर गाँव निवासी व साजा विधायक के भतीजे एवं पूर्व प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, साजा नगर भाजपा नेता के हिमांशु वर्मा, ग्राम रेंगाबोड के नेतराम साहू, तेंदुभाठा गाँव के त्रिलोकी साहू को तलब किया है। सभी को थाने में उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखने को कहा गया है।

■ प्रेमलाल, हिमांशु, नेतराम व त्रिलोकी को नोटिस

उल्लेखनीय है कि बीते माह 3 जुलाई साजा पुलिस थाने परिसर में घटी विवादित मारपीट की घटना पूरे प्रदेश पटल पर सुर्खियों में थी। उसके कारण साजा थाना सहित क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा हुआ था। वहीं, इस घटना के बाद ज़िला पुलिस प्रशासन ने साजा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार साहू सहित अन्य पुलिसकर्मियों का तबादला कर इंस्पेक्टर ▸▸| शेष पेज 12 पर

### चार लोगों के खिलाफ नोटिस जारी कर बुलाया गया है : एसडीओपी

इस संबंध में बेरला एसडीओपी तेजराम पटेल ने बताया कि प्रेमलाल साहू, हिमांशु वर्मा, नेतराम साहू, त्रिलोकी साहू इन चार लोगों के खिलाफ गत माह साजा थाना परिसर में मारपीट को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। उसी के आधार पर नामजद व्यक्तियों से पूछताछ की विधिवत कारवाई की जा रही है।

# जनदर्शन में तीन दिव्यांगों को मिली बैट्रीचलित ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



कलेक्टर के जनदर्शन कार्यक्रम में ज़िले के तीन दिव्यांग व्यक्तियों को बैट्री चालित ट्राइसिकल प्रदान की गई। दिव्यांग हंसराज, निलेश कुमार रात्रे और राधेश्याम यादव को उनके आवागमन में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से यह सहायता दी गई।

■ तीनों ने हॉर्न बजाकर जताई ख़ुशी, प्रशासन का जताया आभार

जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिव्यांगजन के जीवन में सुधार और उनकी स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने जीवन को बेहतर तरीके से जी सकें। उप संचालक ज़िला समाज कल्याण श्रीमती बरखा कासू ने बताया कि बैट्री चालित ट्राइसिकल समाज कल्याण की दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण योजना अंतर्गत प्रदान किया गया है।^

तीनों दिव्यांग व्यक्तियों ने कलेक्टर और प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह ट्राइसिकल उनके लिए एक नई उम्मीद की किरण है। इस सहायता से वे अपने रोजमर्रा के कार्यों को सहजता से कर सकेंगे और उनकी जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने हॉर्न बजाकर ख़ुशी जतायी। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में अन्य नागरिकों ने भी अपनी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा, जिन पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से नागरिकों और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो रहा है।

### नवपदोन्नत प्रधानपाठकों ने किया डीईओ डॉ बंजारे का सम्मान

**बेमेतरा।** सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला में पदोन्नति के लिए बेमेतरा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में काउंसिलिंग की गई। इस महत्वपूर्ण काउंसिलिंग में जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे, प्राचार्य एस पी कोसले, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जय प्रकाश करमाकर, उपस्थित रहें तथा काउंसिलिंग के पूर्व उपस्थित सभी शिक्षकों को सम्बोधित भी किये। डाइट प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ बंजारे ने सभी शिक्षकों को आश्वस्त किया और कहा कि 15 अगस्त के पूर्व सभी पात्र सहायक शिक्षकों को प्रधान पाठक बना दिया जाएगा। नियत तिथि से पूर्व ही काउंसिलिंग करवाने पर और पदोन्नत होने पर प्रधान पाठकों में खुशी की लहर दौड़ गई। एक लंबे समय बाद ▸▸| शेष पेज 12 पर

# डाइट बेमेतरा में हुई चित्रकला प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा महा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को डीएलएड छात्र अध्यापकों के मध्य चित्रकला, ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में डीएलएड के छात्र अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रीयता, देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति के उपर बहुत सुंदर व मनभावन चित्र बनाये। जो देखते ही बनते थे। शासन के निर्देशनुसार हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा महा अभियान के अंतर्गत लोंगो को जागरूक करने के उद्देश्य से सभी संस्थाओं में 9 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में आज डाइट बेमेतरा में राष्ट्रीयता, राष्ट्रभक्ति, देश भक्ति विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें कुल 17 छात्र अध्यापकों ने भाग लिया। सभी ने अपने विषयों पर बहुत ही खूबसूरत ड्राइंग पेंटिंग किये। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही मनभावन चित्र बनाये। इन छात्र अध्यापकों में एकता देवांगन, प्रेरणा साहू, भूमिका चंद्रवंशी, प्रतीक साहू, लेखु सिंह, निशा वर्मा, मनीता, अमित साहू, देवा ठाकुर, सुरज कुमार, भुनेश्वर कौशिक, चंद्रशेखर ध्रुव, संजय पात्रे, मुकेश मारकंडेय, राजकुमार साहू, कुंजराम साहू, सूर्य प्रताप सिन्हा शामिल थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी यमुना जांगड़े ने सभी छात्र अध्यापकों को इस तरह के चित्रकला प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और इस तरह के कार्यक्रमों से प्रतिभा को निखारने का एक बहुत अच्छा अवसर भी मिलता है। और निरंतर अभ्यास से वही छात्राध्यापक एक दिन विख्यात चित्रकार बन सकता है। डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ▸▸| शेष पेज 12 पर

विगत 3 व 4 मई को किए गए मूल्यांकन में मिला 93.69 प्रतिशत स्कोर

# पीएचसी कुसमी को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा




प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट मिला है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय स्तर के उपलब्धि प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई देते हुए लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ. अंजू गोपे प्रधान एवं डॉ. सुधीर कुमार डहरिया द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र का 3 एवं 4 मई को मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी को 93.69 प्रतिशत स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सर्टिफिकेट प्रदाय किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित किये गये स्वास्थ्य सेवाओं के 6 अलग-अलग मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपयुक्त पाए जाने पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निरतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित हुए।

### संस्था प्रभारी ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिया श्रेय

प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र कुसमी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट मिलने पर संस्था प्रभारी चिंताराम साहू ने खुशी जाहिर करने हुए बताया कि यह सब अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की अपने कार्य के प्रति लगन का परिणाम है। अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा के कारण ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। साथ ही इस उपलब्धि के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव, जिला स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. अशोक बसोड़, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, राज्य सलाहकार डॉ. कविता एवं शोभिका गजपाल सहित जिला, वि.ख. एवं सेक्टर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का मार्गदर्शन एवं सहयोग लगातार प्राप्त हुआ।

### कांग्रेस की संविधान यात्रा आज

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अनिला भेंडिया के निर्देशनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंडी लोहारा अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के नेतृत्व में 14 अगस्त को सुबह 11 बजे से संविधान यात्रा निकाली जाएगी। संविधान यात्रा नगर के कांग्रेस भवन से प्रारंभ होगा। यात्रा के दौरान देश के संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यात्रा में तिरंगा ध्वज के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का छायाचित्र तथा प्रिय भजन वैष्णव जन.. के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बेमेतरा।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर हर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। रैली जब कलेक्टर परिसर पहुंची तो माननीय कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। रैली में शाला में बीईओ अरुण खरे सर बीआरसी राजेन्द्र साहू सर भी शामिल रहे। बच्चों ने नागरिकों से घर घर में, गली चौराहों में तिरंगा फहराने की अपील की।तिरंगा हमारी आन बान शान की पहचान है। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगोली, चित्र कला तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बच्चों ने बहुत सुंदर रंगोली, चित्र बनाए। जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। हर घर तिरंगा की थीम पर बच्चों ने सुन्दर नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की अधीक्षिका भारती धृतलहरे, राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे , गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया,सावित्री यादव, दीप्ति नौरंगे सहित सभी बालिकाएं उपस्थित थी।

### एमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर लो. में हुआ न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** एमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर लो. में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोजन का आयोजन शिवेंद्र बहादुर साहू (व्याख्याता) हायर सेकेंडरी स्कूल संजारी ने अपने सुपुत्र ओम साहू के जन्म दिवस पर किया। इस दौरान 148 बच्चों को हलवा, पूड़ी, दाल, सब्जी चावल परोसा गया। इसके साथ ही सभी शिक्षकों को कलम भेंट की गई। न्योता भोज के अवसर पर प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** सन 1947 में हुए विभाजन विभीषिका को लेकर संगोष्ठी, मौन मशाल यात्रा का आयोजन बालोद में 14 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी संजय श्रीवास्तव होंगे। साथ ही प्रदेश के, जिला के, मंडल, मोर्चा के सभी प्रकोष्ठ के, पदाधिकारीगण, स्थानीय संगठन व गणमान्य नागरिक, एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### संभागायुक्त ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**दुर्ग।** दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय और तहसील कार्यालय दुर्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कोर्ट औऱ तहसील कोर्ट में लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा तथा आवश्यक निर्देश दिए। संभाग आयुक्त राठौर ने सभी तहसीलदार औऱ नायाब तहसीलदार को शासन के दिशा निर्देशों और नियमों को ध्यान में रखते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

**आयोजन**

राष्ट्रध्वज के सम्मान में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

# जिले का चप्पा-चप्पा तिरंगे के रंग में रंगा, निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आम नागरिकों में देशभक्ति का जज्बा बढ़ाने और तिरंगे के प्रति सम्मान के

■ नवागढ़ विकासखंड के लालपुर स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



लिए जिले में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखण्ड नवागढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा जागरूकता जन-जन तक पहुंचाने के लिए लालपुर ग्राम में तिरंगा यात्रा निकाली गई। हर गली चौक चौराहे पर पंच, सरपंच, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालकगण के सहयोग लेते हुए हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। संदेश को देने के लिए स्लोगन के साथ शिक्षक शांत कुमार पटेल एवं बच्चों के द्वारा घर घर में तिरंगा हम लहराएंगे, आजादी का अमृत महोत्सव शान से मनाएंगे। तीन रंग का प्यारा झंडा, हर घर में लहराएंगे तिरंगा। भारत की है शान तिरंगा, भारत की है पहचान तिरंगा। आइए मिलकर राष्ट्रभक्ति की अलग जगाएंगे, हर घर तिरंगा हम फहराएंगे। नारों के साथ सभी शिक्षक एवं बच्चे मिलकर भ्रमण के साथ संदेश दिया गया। तिरंगा रैली के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रामायण मनहरे, संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुर्रे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### ग्राम ढोलिया के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

बेमेतरा। ग्राम ढोलिया में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों तथा बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर ग्राम का भ्रमण किया। संस्था की शिक्षिका अर्चना झा ने हर घर तिरंगा अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी दी और कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना और उनके मन मे तिरंगे और राष्ट्र के प्रति सम्मान का भाव जागृत करना है। इस तिरंगा यात्रा में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ देश प्रेम से संबंधित नारे लगाए। इस तिरंगा यात्रा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक दीपक कौशल, प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक विनोद कुमार सेन, काजल दुबे, सुकन्या सिंह, हेमलता साहू सहित शिक्षक गण एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

### खंडसरा में घर-घर तिरंगा लहराने का दिया संदेश

बेमेतरा/खंडसरा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम ग्राम खंडसरा में भी आयोजित हुई। इसके अंतर्गत स्कूली छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, ने राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित करते हुए ,रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गलियों से होते बाजार चौक से होकर वापस विद्यालय पहुंची। तत्पश्चात व्याख्याता महादेव कौशल, नीरज पांडे, अजय शर्मा, नीलम तिवारी श्रद्धा चंद्राकर, अरविंद सोनी, रोहित वर्मा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अमृत महोत्सव के सम्बन्ध विस्तार से बताते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने के समय सजगता से अवगत कराते हुए ,विकसित भारत के लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति,अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात कृषि संकाय के छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षक रोहित वर्मा के नेतृत्व में गांव के खेतों में कार्य कर रहे कृषकों, मजदूरों को भी राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्य महेश साहू, अजय शर्मा सहित ग्रामीण जन छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### डीहपारा बासीन के बच्चों ने की घर-घर तिरंगा फहराने की अपील

बेमेतरा। शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा के बच्चों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। हर गली चौक चौराहे घर घर तिरंगा लगाने अपील किये। विद्यालय की शिक्षिका सीमा रानी देवांगन ने बच्चों को हर घर तिरंगा शपथ दिलाई। शाला में बच्चों को चित्रकला, रंगोली, लेखन, भी सीखाया गया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बताया तिरंगा हमारा राष्ट्र ध्वज है। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे, हमारा। ये गीत आज भी हम सबके हृदय में बसे हुए हैं। रैली में बच्चों सहित शाला के सफाई कर्मचारी रसोइया पालकगण शामिल हुए।

### संस्कार पब्लिक स्कूल अमोरा जेवरी के बच्चों ने निकाली रैली

**बेमेतरा।** चारों विकासखण्ड बेमेतरा, साजा बेरला नवागढ़ के अंतर्गत सभी स्कूलों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया जा रहा है। हर घर तिरंगा के तहत संस्कार पब्लिक विद्यालय अमोरा(जेवरी) बेमेतरा में संपन्न किया गया। विद्यालीन बच्चों ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से होते हुए ग्राम के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए अंत में विद्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर ग्राम वासी और संस्था के प्रधान पाठक वर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए।

### बेरला में आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेरला में सुबह 8 बजे से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। 13 तारीख को विद्यालयीन बच्चों का हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आजादी के इस महोत्सव को एक साथ सभी समुदाय मिलकर जन-जन तक पहुंचा सके एवं साथ ही साथ भारत की अखंडता और एकरूपता को बनाए रखने के लिए अपना पूर्ण योगदान प्रदान करते हुए जन जागृति का संदेश दिया गया। इस आयोजन की शुरुआत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय से शुरू होते हुए नगर पंचायत बेरला नगर भ्रमण करते हुए बाजार चौक होते हुए वापस सेजेस स्कूल तक रैली निकाली गई। रैली में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, पार्षद लक्ष्मीलता वर्मा, तहसीलदार शुक्ला सर, सीईओ जागेन्द्र साहू, बीईओ जयप्रकाश करमाकर, बीआरसी खोमलाल साहू, एबीईओ, सेजेस के प्राचार्य अर्चना साव, पूर्व माध्यमिक के प्रधान पाठक तारकेश्वर साहू, विद्यार्थी एवं नगर पंचायत बेरला के अधिकारी, कर्मचारी तथा नगर बेरला के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

## शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर के बच्चों और शिक्षकों ने निकाली रैली




**बेमेतरा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर के बच्चों और शिक्षकों द्वारा रैली निकालकर नगर वासियों को जागरूक किया गया।

नारों के माध्यम से गली, नुक्कड़ और चौराहे पर ग्रामीणों को घर पर तिरंगा लगाने की अपील की। शिक्षिका श्वेता वर्मा द्वारा हर घर तिरंगा पर चार्ट निर्माण किया गया। शाला परिसर से रैली प्रारंभ कर गांधी चौक देवकर तक रैली ले जाकर गांधी चौक में तिरंगा दौड़ कराया गया। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा का गायन बच्चों द्वारा किया गया। शाला में बच्चों को तिरंगा शपथ ग्रहण कराया गया और बच्चों को अपने राष्ट्र ध्वज का सम्मान करने का आह्वान किया गया। शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने कहा कि हर घर तिरंगा भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित एक अभियान है जो की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया है। यह अभियान हर भारतीय को 15 अगस्त को अपने घरों में राष्ट्रीय झंडा सभी देशवासियों से फहराने की अपेक्षा करता है। यह सभी देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को फैलाने में मदद करेगा। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना चाहता है। उक्त आयोजन में वीणा रावटे, श्वेता वर्मा तथा आशुतोष चौबे उपस्थित थे।

### शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्राओं को मिली सायकिल

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में राज्य शासन के सर्वोपरि योजना में से एक निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजनान्तर्गत विद्यालय के कक्षा नवमी में अध्ययनरत पात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। बेमेतरा के नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि युगल देवांगन, श्रीमती लक्ष्मी लहरे (पार्षद), देवराम साहू (पार्षद), परमेश्वर तिवारी वरिष्ठ नागरिक बेमेतरा एवं प्राचार्य सुदेशा चटर्जी तथा सभी शिक्षकों की उपस्थिति में साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिओं द्वारा अपने उद्बोधन में राज्य शासन का आभार प्रकट करते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।

## पूर्व माध्यमिक शाला माटरा में हुई रंगोली प्रतियोगिता...



**साजा।** घर-घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माटरा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा तिरंगे के प्रति अपनी देश भक्ति की भावना रंगोली एवं रैली के माध्यम से प्रस्तुत किया। आयोजन में मुकेश कुमार ठाकुर अर्जुनलाल साहू गंगाधर साहू अखिलेश कुमार पटेल सहित शाला के सभी बच्चे उपस्थित हुए।

### दूध गंगा के प्रथम अधिकृत वितरण केन्द्र का शुभारंभ कल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट स्थित कैंटिन में गंगा मैया दूध उत्पादक एवं प्रसंस्करण सहकारी समिति मर्यादित 'दूध गंगा' के प्रथम अधिकृत वितरण केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। गंगा मैया दूध उत्पादक एवं प्रसंस्करण सहकारी समिति के अध्यक्ष ने बताया कि दूध गंगा को नए एवं आधुनिक स्वरूप में लाए जाने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### कन्या महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा मे अंतराष्ट्रीय युवा दिवस,तंबाखू मुक्त युवा अभियान तथा विश्व हाथी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमे विश्व हाथी दिवस पर प्राचार्या डॉ विनिता गौतम के द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया । तत्पश्चात तंबाखू मुक्त युवा अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया तथा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एचआईवी के संबंध में परिचर्चा आयोजित की गई। महाविद्यालय की छात्राओं को शॉर्ट वीडियोस के माध्यम से विषयों की गंभीरता से अवगत कराया गया। महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में सभी अधिकारी कर्मचारियों का योगनान सराहनीय रहा।

## ठेलका स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय ठेलका में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश भक्ति की भावनाओं को प्रोत्साहित करना और स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था।

रैली में एनसीसी कैडेट्स और स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया हाथों में तिरंगा लेकर छात्र-छात्राओं ने गांव के मुख्य मार्गों पर रैली निकाली रैली के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम ,घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा जैसे जय घोष लगाए गए। स्कूल के प्राचार्य टीएल साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा न केवल हमारी आजादी का प्रतीक है बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव और एकता का भी प्रतीक है उन्होंने सभी छात्रों एवं ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वह भीअपने घरों पर तिरंगा फहराए और इस अभियान का हिस्सा बने। रैली में संस्था के शिक्षक एसके सेन,एम एल मार्कण्डेय,एस के वैष्णव,एस के मिश्रा, कमलकांत,विकास वर्मा,एम रविराज,वैशाली वर्मा,त्रिभुवन मनहर शामिल हुए रैली का संचालन एनसीसी केयर टेकर धर्मपाल वर्मा के नेतृत्व में हुआ।

## साल्हेपुर में विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

**बेमेतरा।** "हर घर तिरंगा" अभियान सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुरू की गई एक पहल है, जिसके अंतर्गत लोगों को अपने घरों तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया जाता है। सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले इस महा अभियान में प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला, के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली का उद्देश्य को बताते हुए शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने कहा कि इस रैली के माध्यम से लोगो में अपने देश के प्रति देशभक्ति की भावना को जागृत करना, प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत सार्वजनिक जागरूकता, ध्वजारोहण में समुदाय की भागीदारी, झंडा कोड का पालन का संदेश देते हुए तिरंगा यात्रा निकली गई। घर-घर तिरंगा रैली अभियान को सफल बनाने में शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर के शिक्षक डागेंद्र निषाद, प्रदीप ठाकुर व बच्चों सहित नागरिकों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**शोध ग्राम फरी में हुए विविध कार्यक्रम**

# समाधान कालेज में मना अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सामूहिक तत्वाधान में 'एक पेड़ मां के नाम' विषय पर शोध ग्राम फरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कराया गया तथा महाविद्यालय में विश्व हाथी दिवस, नशा मुक्त भारत अभियान एवं अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

बी.एड. विभाग के सहायक प्राध्यापक रूपेंद्र डहरिया द्वारा विद्यार्थियों को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हाथी की सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। इस दिवस को मनाने के उद्देश्यों, महत्व एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट एलिफेंट के बारे में




विस्तारपूर्वक बताया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान के विषय में जागरूक कर प्रेरित किये एवं नशा न करने व आसपास में इसकी रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण कराये एवं जन-जागरूकता रैली निकाली गई। बीएड विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. जी.डी. मानिकपुरी ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को एच.आई.वी. (एड्स) की रोकथाम के प्रति जागरूक किये। इससे संबंधित वीडियो को छात्र -छात्राओं के समक्ष रखा गया।

### लगाए गए 100 पौधे

वृक्षारोपण कार्यक्रम में 100 पेड़ 'एक पेड़ मां के नाम' पर फरी ग्राम में लगाए गए। इस कार्यक्रम में फरी ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटिल, ग्राम पंचायत के पंच भागेलाल डेहरे व कृपाराम यादव, शासकीय प्राथमिक शाला फरी के प्रधान पाठक बजरंग शर्मा एवं सहायक अध्यापक रुखमणी साहू व सुनीता वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उत्तरा साहू तथा गणमान्य नागरिक और महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**पेज 11 के शेष**

### साजा थाने में हुई मारपीट ...

चन्द्रदेव वर्मा को साजा थाना का चार्ज दे दिया। इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय साजा विधायक ईश्वर साहू की उसके भतीजे व पूर्व निज सचिव प्रेमलाल साहू के चलते काफी किरकिरी हुई थी। साथ ही भाजपा पार्टी की छवि को भी नुकसान हुआ था । हालांकि विधायक ने इस मामले से जुड़े हुए सभी लोगों से किसी प्रकार का संबध रखने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद प्रेमलाल साहू को निज सचिव व विधायक प्रतिनिधि के पद से जहां हटा दिया गया था। वहीं, एक मामले में प्रेमलाल साहू 151 की धारा पंजीबद्ध कर जेल भी भेजा दिया गया था। बहरहाल मामला में पुलिस ने शिकायतकर्ता के आधार पर केस को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। जिसमें अब एसपी कार्यालय के मार्गदर्शन पर एसडीओपी कार्यालय द्वारा घटनाक्रम की बारीकी से जांच-पड़ताल कर नामजद लोगों के दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की संभावना बढ़ गयी है। भाजपा नेताओं एवं पुलिस सूत्रों के अनुसार विभिन्न धाराओं पर इन नामजद व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जा सकती है। क्योंकि इस मामले में पुलिस की छवि पर असर पड़ा था। वहीं, विधायक ईश्वर साहू के साथ-साथ भाजपा की भी किरकिरी हुई थी और मामले का वीडियो भी जमकर विरोधी पक्ष ने वायरल कर सरकार पर निशाना साधा था।

### नवपदोन्नत प्रधानपाठकों ...

नव पदोन्नत प्रधान पाठकों की खुशी आज देखते ही बन रही थी। सभी खुश थे। पारदर्शी तरीके से काउंसिलिंग कराने पर नव पदोन्नत प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों ने काउंसिलिंग पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे को मिठाई खिलाकर व पुष्प माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत करने वाले नव पदोन्नत प्रधान पाठकों में धनेश रजक, पवन देवांगन, मुन्ना सर, चित्र वैष्णव, परस यादव, मुकेश वर्मा, दिनेश निषाद, रोशन राजपूत, व प्रधान पाठक संघ के अध्यक्ष बिसेन सिंह राजपूत, रोहित वर्मा सहित समस्त पदोन्नत प्रधान पाठक शामिल थे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने सभी नव पदोन्नत प्रधानपाठकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### डाइट बेमेतरा में ...

ने सभी प्रतिभागियों को इस विधा में भाग लेने के लिए बधाई और शुभकामना दिये, साथ ही साथ प्रोत्साहित भी किये। आज के इस कार्यक्रम में डाइट संस्थान बेमेतरा की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जीएल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे सहित द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...




**Law**
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

**Animation & Visual Effects**
- B.Sc.
- M.Sc.

**Engineering**

M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic

- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

**Journalism**
- MAJMC
- BAJMC

**Hotel Management**
- MHM
- BHM

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

**Library**
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

**Arts/ Science/ Commerce**
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons)

} As per NEP 2020

- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Film Making**
- B.A.
- M.A.

**Diploma Courses**
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D. Available in all Subjects**

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

📞 : 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

📍 : Durg (Chhattisgarh)

## खबर संक्षेप

### जवाहर उत्कर्ष योजना के लिए बिंदेश्वरी का चयन



**साजा।** शासकीय प्राथमिक शाला परसबोड़ से बिंदेश्वरी गोड़ पिता पुनू राम गोड़ का चयन जवाहर उत्कर्ष योजना 2024-25 में कक्षा छठवीं में हुआ। प्रधानपाठिका आशा बंजारे शिक्षिका मोंगरा साहू ज्ञानी सोनी चुनेश्वरी कौशल दिप्ती देवागंन सीमा वर्मा पिंकी देवागंन मार्गदर्शक कल्याणदास बंजारे संकुल प्राचार्य ईश्वरलाल साहू संकुल समन्वयक मुकेश कुमार ठाकुर डाली साहू सहित संकुल परिवार के सभी शिक्षकों नें बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी हैं।

### नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का हुआ लोकार्पण

**गुण्डरदेही।** सोमवार को विधायक कुंवर सिंह निषाद ने देवरी ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम साल्हे में नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि स्कूल में नवीन भवन बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश भर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलकर शिक्षा का नया इतिहास लिखा। इससे प्रदेश के निम्न आयवर्ग के लोगों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा मिल रही है।

### हरदी शाला विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने हरदेव लाल

**गुण्डरदेही।** शासकीय हाई स्कूल हल्दी में शाला विकास व प्रबंधन समिति के हरदेव लाल सार्वा नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए। बालोद जिला प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित जनप्रतिनिधि हरदेव लाल सार्वा को शाला प्रबंधन व विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें कि सार्वा इसके पहले संकुल के प्रथम अध्यक्ष व शाला विकास समिति के सदस्य भी रहे।

### शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उमाशंकर ने शिक्षकों से की भेंट

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद में सोमवार को नवनियुक्त शाला प्रबंधन एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष उमाशंकर ठाकुर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नेमचंद साहू, महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला एवं सभी शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

### आईजी गर्ग ने किया थानों का निरीक्षण

**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग ने थाना भिलाई नगर और सुपेला का आकस्मिक निरीक्षण किया। भिलाई नगर थाना के नये थाना भवन के लिए स्थान चयन कर उसका प्रांकलन शीघ्र तैयार कर पेश करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। सुपेला थाने में निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाने के जब्ती माल रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, लंबित अपराध, फैमाईश नालिस रजिस्टर चेक किया। पुराने लंबित मामलों का निराकरण सही तरीके से न करने पर चेतावनी भी दी। मौके पर लंबित जब्ती माल, जब्त वाहन का न्यायालय के माध्यम से तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए है।

---

**प्रशिक्षण :** कैंप में 14 स्कूलों और 3 कॉलेजों के 534 कैडेट्स ने भाग लिया

# शैक्षणिक और गतिविधियों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का कर रहे प्रयास

**एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर रायपुर में लगाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

> ■ एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रायपुर स्थित एनसीसी कैम्प में सक्रिय भागीदारी की।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने रायपुर के लखोली में आयोजित दस दिवसीय एयर एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सक्रिय भागीदारी की। यह शिविर 1 अगस्त से 10 अगस्त की अवधि में आयोजित किया गया था। ड्रिल प्रतियोगिता मार्च पास्ट में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल एनसीसी कैडेट्स दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

लखोली रायपुर में आयोजित इस एयर एनसीसी कैंप में शारीरिक प्रशिक्षण, शैक्षणिक संवर्धन और रचनात्मक गतिविधियों का समावेश था। कैडेट्स के प्रत्येक दिन की शुरुआत स्वास्थ्य दौड़ और योग से की। जिसके बाद ड्रिल और रेंज फायरिंग का अभ्यास किया जाता था। कैंप में चित्रकला प्रतियोगिता, फुटबॉल मैच और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान भारतीय सेना के कमांडर, वायुसेना के पायलट, रायपुर के न्यायाधीश सहित विभिन्न







गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। सभी ने अपने-अपने जीवन के अनुभव को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों पर भी एक सत्र आयोजित किया गया। इस कैंप में 14 स्कूलों और 3 कॉलेजों के 534 कैडेट्स ने भाग लिया। जिसमें एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल से 22 विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विद्यालय से 15 छात्र और 7 छात्राओं कैडेट्स ने इसमें भाग लिया। शिविर के दौरान रक्षा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों एवं न्यायाधीश द्वारा दिए गए व्याख्यानों में कैडेट्स को महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। शस्त्र प्रशिक्षण और व्यावहारिक सत्रों ने उनके सैन्य ज्ञान को और गहरा किया। व्यापक कैंप ने सभी प्रतिभागियों में अनुशासन टीमवर्क और सेवा के प्रति उत्साह को बढ़ावा दिया। छात्रों ने एरो मॉडलिंग बेस्ट कैडेट्स प्रतियोगिता, एयरपोर्ट विजिट जैसी विभिन्न गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। एयरपोर्ट विजिट के दौरान उन्हें और उसके कार्य करने के तरीके के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इसके अलावा उन्होंने हवाई जहाजों की कार्यप्रणाली उनकी टेक ऑफ और लैंडिंग प्रक्रियाए और यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की।

### गतिविधियां विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण

विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं और इससे उनकी क्षमताओं में व्यापक वृद्धि होती है। विद्यालय की निर्देशिका भावना बोहरा ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण और कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल अनुशासन और नेतृत्व सिखाते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करते हैं। अंत में उन्होंने कहा कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल एवं यहां का स्टाफ प्रतिज्ञाबद्ध है कि शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से हर संभव प्रयास करेंगे ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके एवं क्षेत्र के विद्यार्थी न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम देश और दुनिया में रोशन कर सकें एवं जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता की ओर अग्रसर हो सकें।

---

# नवाचारी शिक्षिका कांति को मिला मिनीमाता महिला सशक्तिकरण अवार्ड 2024



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मिनीमाता जयंती समारोह के अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षिका कांति नागे को मिनीमाता महिला सशक्तिकरण अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षिका को समाज कल्याण में महत्त्वपूर्ण योगदान हेतु मिला है।


"महिला सशक्तिकरण के लिए विकसित भारत में लैंगिक असमानता एक चुनौतीः छत्तीसगढ़ परिदृश्य" विषय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में पेपर प्रस्तुत किया। /"घुमंतु समुदाय के शिक्षा एवं स्वास्थ्य विषय पर शोध कार्य जेंडर समानता से संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ में टोनही प्रथा से संबंधित जागरूकता, बालिका शिक्षा एवं स्वास्थ्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आदि विषय में विशेष अध्ययन अध्यापन कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से जुड़ कर पेपर प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य और विज्ञान के क्षेत्र में भी विशेष कार्य जिसमें छत्तीसगढ़ में मशरूम एक अध्ययन, मशरूम के कैंसर रोधी गुणों पर सर्वेक्षण, मशरूम की एंटीऑक्सीडेंट गुण में अध्ययन, ब्रेस्ट कैंसर पर विशेष अध्ययन एवं जागरूकता। इन विषयों पर प्रोजेक्ट और शोध कार्य कर ब्रेस्ट कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को सजग कर रही है।

शिक्षकीय कार्य में स्वपहल से शिक्षण सामग्री निर्माण जिसमें ब्लॉग लेखन, विज्ञान प्रायोगिक पुस्तिका, गूगल फॉर्म क्विज, यूट्यूब वीडियो तैयार कर राज्य स्तर पर बच्चों को उपलब्ध कराया है। विभिन्न परीक्षाओं जैसे राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा, प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा, श्रेष्ठा, नवोदय, सैनिक स्कूल, व्यापम आदि की तैयारी के लिए शिक्षण सामग्री निर्माण कर विभिन्न व्हाट्सएप समूह के माध्यम से राज्य स्तर पर उपलब्ध कराती हैं। नवाचारी शिक्षिका कांति नागे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका, विकासखण्ड बेरला में पदस्थ है।

---

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर नवनिर्मित हाल में गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री राम हर्षण राम मंदिर साजा के महंत वैष्णव दास थे।



महाराज जी ने जयंती अवसर पर महान संत तुलसीदास जी की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस का पाठ करने से जन्म-जन्मांतरों के पाप से मुक्ति, भय, रोग आदि सभी दर दूर होते हैं। रामचरित की चौपाइयां इतनी प्रभावशाली हैं कि इसके पाठ मंत्र से सभी कामनाओं की प्राप्ति होती है। रामचरितमानस तुलसीदास जी के समय और समाज पर गहरा प्रभाव है। वह भक्त होते ही जनमानस में गहरी आस्था रखते थे। इस अवसर पर राम अनुग्रह दास चित्रकूट, सीताराम दास अयोध्या, विवेकानंद हिमाचल, प्रभु दास सतना, मृत्युजय शुक्ला नगर से पंडित ओमप्रकाश जोशी, सुरेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम सिंघानिया,पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, ऋषि जोशी , राकेश जोशी, वेदप्रकाश जायसवाल, सुनील यादव, देवानंद त्रिपाठी, देवेंद्र शर्मा, अग्रवाल, महेंद्र सिंह विरदी, भागवत सिन्हा, शिवेंद्र बिंदल, आशीष बंसल, जगमोहन जायसवाल, हरि अग्रवाल, शिव केडिया, डॉक्टर गोविंद शर्मा, हितेश कागलीवाल, नंदकुमार ठाकुर, शिक्षक गोपाल, प्राचार्य लखन लाल साहू , विश्वनाथ साहू एवं समस्त प्राचार्य विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

---

**जिला न्यायाधीश ने हिट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट मामले में ली बैठक**

# कम्पनसेशन निर्धारित कर समय-सीमा में अधिक से अधिक प्रकरणों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के अध्यक्षता में हिट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 21 सितम्बर के सफल आयोजन के लिए मॉनिटरिंग सेल की बैठक ली।

बैठक में अधिक से अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण के निराकरण के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा,उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी उपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 6 क्लेम कम्पनसेशन प्रकरण निराकृत किये गये हैं।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने पीड़ित पक्ष की ओर से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने की प्रकिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित कर समय-सीमा में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दिये। साथ ही मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी / थाना प्रभारी द्वारा एफएआर की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करें। पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। अध्यक्ष द्वारा जनमानस में इस स्कीम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। जिससे अधिक से अधिक संख्या में पीड़ित पक्ष इसका लाभ ले सकें।

---

### गुण्डरदेही स्कूल की रासेयो ईकाई ने निकाली तिरंगा रैली

**बालोद/कलंगपुर।** विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र व तिरंगा रैली सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही रासेयो ईकाई द्वारा आयोजित किया गया। राष्ट्र के प्रतीक ध्वज के आन, बान, शान व राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न शालाओं, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य एके सेन चौधरी, हेमन्त सोनकर, सौरभ जैन, सेजेस अध्यक्ष लालजीत राजपूत, सूरज यादव, थाना प्रभारी, पुलिस स्टाफ, एनसीसी. आफिसर केके.कोसिमा, एनएसएस अधिकारी केएस. कुल्हारे, मिथिलेश चन्द्राकर, शीतल ठाकुर, आरबी ठाकुर, केएल साहू, हर्ष गुप्ता, अश्विनी साहू, अशोक साहू, संजय शुक्ला विभिन्न शालाओं के शिक्षक, शिक्षिकाएं, जन–प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

# सीबीएसई कन्या स्कूल की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला साजा के स्कूली बच्चों ने शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षकों के साथ नगर में तिरंगा रैली निकाली।

विद्यालय के संस्था प्रमुख त्रिभुवन वैष्णव ने हर घर तिरंगा की शपथ दिलाई। स्कूल में बच्चों को चित्रकला एवं निबंध लेखन कराए गए। संस्था प्रमुख त्रिभुवन वैष्णव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रत्येक घरों में तिरंगा लगाकर अपने आप को राष्ट्र के प्रति समर्पित करना है तिरंगा हमारा राष्ट्रध्वज है इसका मान सम्मान करना प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह राजपूत एवं उपाध्यक्ष गुलशन साहू में साजा नगर के लोगों से अपने घरों में तिरंगे लगाने की अपील की। उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक बद्रीनाथ वर्मा, कविता साहू, दुर्गावती साहू नंद झरोखा पटेल मुकेश चेलक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पूनम गुप्ता चंचल राजपूत रेवती निर्मलकर, तिवारी, कन्नौज आदि ने तिरंगा रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने की शपथ ली।

---

# साहू समाज की महिलाओं ने लिया सावन मिलन का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सरस्वती साहू के नेतृत्व में सावन मिलन का आयोजन कर सुंदर कांठ का पाठ एवं शिव भजन का आयोजन किया गया।

साथ ही साथ विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अन्य समाज की महिलाओं को भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती साहू, नीलू साहू, केसर साहू, गीता साहू, कमला साहू, करुणा साहू, देवलता साहू,रामेश्वरी साहू, भारती साहू,शीलू साहू, अनिता साहू,निर्मला साहू, इंदुसाहू, सावित्री साहू,त्रिवेणी साहू, कांति साहू, सीमा साहू, धारणी, जागृति, ममता चंद्राकर, पूनम, मंजू, सुरभि, विनीता, सती, गीता तिवारी, भानमती, देवमती, दुर्गा, विश्व प्रभा, निधि, अंशु उपस्थित थे। उत्कृष्ट डांस करने वाले का पुरस्कार देवलता साहू को प्रदान किया गया।

---

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में हुआ आयोजन**

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम 29 को, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला बेमेतरा में आगामी 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सह जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन 12 अगस्त को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा में किया गया।




उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला नोडल अधिकारी, शिशु स्वास्थ्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सिर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डब्लु. एच.ओ., खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, जिला समन्वयक एविडेन्स एक्शन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. वाईके ध्रुव ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त को किया जाएगा। इसके तहत मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा गृह भ्रमण कर खिलाएंगी। इसके लिए जिले के कुल 372823 (1-19 वर्ष) के बच्चों को शामिल किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान छूटे हुए बच्चों को माप-अप दिवस 4 सितम्बर को पुनः दवा सेवन कराया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण होने के पश्चात विकासखण्ड स्तर पर एवं मैदानी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा।

### इस तरह करना होगा दवा का सेवन

डॉ. शरद कोहाडे, जिला नोडल अधिकारी शिशु स्वास्थ्य द्वारा कृमि से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति की दवा जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चूरा करके पानी के साथ सेवन कराया जायेगा। 2 से 3 वर्ष के बालक/बालिकाओं को एक गोली पूरी तरह से चूरा करके पानी के साथ सेवन कराया जायेगा। 4 से 19 वर्ष के बालक/बालिकाओं को एक गोली चबा कर पानी के साथ सेवन कराया जायेगा। डॉ. कोहाड़े ने सभी जिला अधिकारियों एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिया।

### कलेक्टर ने आम नागरिकों से की अपील

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि 1 से 19 वर्ष के समस्त बच्चों को 29 अगस्त से 4 सितंबर 2024 तक आयोजित दवा सेवन की गतिविधियों के दौरान अपने बच्चों की स्वास्थ्य की जानकारी मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दें एवं कृमि नाशक दवा (एल्बेन्डाजॉल की गोली) का उम्र अनुसार डोज प्राप्त करके गोली का सेवन अवश्य कराएं।

